CMYK

Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 28 □ अंक- 226 □ रायपुर, मंगलवार 9 सितम्बर 2025 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान जारी

## खड़गे, सोनिया और राहुल गांधी ने डाला वोट, दिखाया एकता का दम





**नई दिल्ली,** 9 सितम्बर (न्यूज चैनल)। देश के 17वें उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए संसद भवन में चल रहे मतदान के दौरान एक अनोखा और सौहार्दपूर्ण पल देखने को मिला। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और बीजेपी के वरिष्ठ नेता नितिन गडकरी एक-दूसरे का हाथ पकड़े हुए नजर आए जिसकी तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर काफी पसंद की जा रही हैं।

कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के साथ पार्टी की वरिष्ठ नेता सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने भी अपना वोट डाला। सभी नेता संसद भवन में वोटिंग के लिए एक साथ पहुंचे और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में हिस्सा लिया। इस बीच जब मल्लिकार्जुन खड़गे वोट डालने के लिए आगे बढ़ रहे थे तो उनकी मुलाकात नितिन गडकरी से हुई। दोनों नेताओं ने बड़े गर्मजोशी से एक-दूसरे का हाथ मिलाया और कुछ देर तक एक-दूसरे का हाथ पकड़े खड़े रहे। दोनों के चेहरे पर मुस्कान थी जिसने राजनीतिक मतभेदों से परे एक व्यक्तिगत सम्मान और दोस्ती का संदेश दिया।

उपराष्ट्रपति पद के लिए मतदान जारी है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) का पलड़ा भारी है। एनडीए का खेमा अपने प्रत्याशी सीपी राधाकृष्णन की जीत का अंतर बड़ा करने की कोशिश में लगा है। वहीं विपक्षी गठबंधन का कहना है कि ये देश की आत्मा बचाने का चुनाव है। मतदान संसद भवन में शाम 5 बजे तक चलेगा। मतों की गिनती शाम छह बजे शुरू होगी। अमर उजाला के इस लाइव ब्लॉग में पढ़िए चुनाव से जुड़े लाइव अपडेट्स

उपराष्ट्रपति चुनाव से पहले, कांग्रेस ने मंगलवार को वाईएसआरसीपी अध्यक्ष जगन मोहन रेड्डी पर एनडीए उम्मीदवार सी. पी. राधाकृष्णन का समर्थन करने के लिए हमला बोला और उन पर लोकतांत्रिक ताकतों के साथ न खड़े होने का आरोप लगाया। एक्स पर एक पोस्ट में, कांग्रेस नेता मणिकम टैगोर ने लिखा इतिहास वाईएस जगनमोहन रेड्डी के विश्वासघात को नहीं भूलेगा। उपराष्टपति पद के लिए आरएसएस समर्थित उम्मीदवार का समर्थन करके, उन्होंने आंध्र प्रदेश के हितों की बजाय सीबीआई मामलों के डर को चुना है। टैगोर ने कहा, यह रणनीति की बात नहीं है। यह लोकतांत्रिक ताकतों के साथ खड़े होने के बजाय मोदी बाबू के दबाव के आगे आत्मसमर्पण करने की बात है। कांग्रेस नेता ने कहा कि जगन का आज का समझौता उस दिन के रूप में याद किया जाएगा जब उन्होंने अपने निजी अस्तित्व को जनादेश से ऊपर रखा। उन्होंने आरोप लगाया, आंध्र साहस का हकदार था। लेकिन जगन मोहन रेड्डी ने कायरता को चुना। उपराष्टपति चुनाव पर एनसीपी (सपा) सांसद सुप्रिया सुले ने कहा, %कूटनीति का कोई मतलब नहीं है। हम सब देश की सेवा कर रहे हैं। यह एक बड़ा पद है। जिसे भी यह पद मिले, उसे इसका सम्मान करना चाहिए। उपराष्टपति चुनाव पर कांग्रेस सांसद शक्तिसिंह गोहिल ने कहा, हमारा उम्मीदवार सर्वश्रेष्ठ है और मुझे लगता है कि मतदाता अपनी अंतरात्मा की आवाज सुनेंगे। इंडिया अलायंस के उम्मीदवार का करियर बहुत अच्छा रहा है। उन्होंने एक संवैधानिक पद पर भी काम किया है।

# एकजुट होकर लड़ेंगे 2028 का चुनाव : सचिन पायलट



**रायपुर,** 9 सितंबर (हाईवे चैनल)। कांग्रेस में चुनाव नेतृत्व को लेकर चल रही लड़ाई पर छत्तीसगढ़ प्रभारी सचिन पायलट ने कहा कि 2028 का चुनाव एकजुट होकर लड़ेंगे. कांग्रेस चुनाव लड़ती है, तो कार्यकर्ता चुनाव लड़ते हैं. सभी व्यक्ति को जिम्मेदारी दी जाती है. हम मिलकर चुनाव लड़ेंगे. व्यक्ति विशेष का मामला नहीं है. डबल इंजन की सरकार केवल धुआं फेक रही है. जनता के परेशानियों का काम नहीं कर रही है। बिलासपुर में आज होने वाले 'वोट चोरी' को लेकर कांग्रेस के प्रदर्शन में शामिल होने के लिए पहुंचे छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट ने रायपुर एयरपोर्ट पर पत्रकारों से चर्चा में कहा कि वोट चोरी को लेकर राहुल गांधी ने तमाम तथ्य रखे हैं. निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्ट नहीं देने का कानून बदल दिया. यह तमाम चीजे दर्शाती हैं कि कुछ ना कुछ गड़बड़ी है. इसको लेकर आगे भी खुलासा करेंगे और छत्तीसगढ़ की जनता को भी बताएंगे कि कैसे वोट चोरी हो रही है. इसके बाद कांग्रेस हस्ताक्षर अभियान भी चलाएगी।

वहीं यूनिफाइड कमांड की बैठक को लेकर कांग्रेस प्रदेश प्रभारी ने कहा कि इसमें बीजेपी राजनीतिक फायदा लेने की कोशिश करती है. इस मामले में ज्यादा प्रचार-प्रसार किया जाता है, पर काम कैसे हो रहा है, इस बात की पारदर्शिता रहनी चाहिए. उपराष्टपति चुनाव को लेकर वहीं सचिन पायलट ने तंज कसते हुए कहा कि देश की जनता जान नहीं पाई है कि पूर्व उपराष्टपति अभी कहां हैं. अचानक उन्होंने क्यों पद त्याग दिया? धनखड़ साहब बहुत दबंग व्यक्ति हैं. लंबे समय से हम उन्हें जानते हैं. क्या कारण है कि अचानक वह चुप हो गए? सच्चाई क्या है पद खाली क्यों किया गया? कभी ना कभी इसकी पोल जरूर खुलेगी. इसके साथ ही उन्होंने उम्मीद जताई कि इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को अच्छा समर्थन मिलेगा।

## ब्रेकिंग न्यूज

### पांडुका रेज में दिखा बाघ के पंजे का निशान दर्जनभर गांवों में अलर्ट

गरियाबंद, 9 सितंबर (हाईवे चैनल)। गरियाबंद के पाण्डुका रेंज में बाघ की मौजूदगी नजर आने से क्षेत्र में सन्नाटा पसर गया है. स्थिति को देखते हुए पाण्डुका वन विभाग ने दर्जन भर गांव में हाई अलर्ट जारी किया है.

वन विभाग से मिली जानकारी, पांडुका रेंज के नागझर जंगल में बाघ की मौजूदगी सामने आई है. क्षेत्र में कई जगह बाघ के पैरों के निशान देखे गए हैं. कयास लगाए जा रहे हैं कि धमतरी जिले के सिंगपुर परिक्षेत्र से नदी पार कर बाघ पहुंचा है. क्षेत्र में पहले से ही दो हाथी मौजूद हैं, ऐसे में स्थानीय रहवासियों की चिंता बढ़ गई है।

# फर्जी ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्र के कारण तीन छात्राओं का एमबीबीएस दाखिला रद्द



**रायपुर/ बिलासपुर,** 9 सितंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में तीन छात्राओं सुहानी सिंह, श्रेयांशी गुप्ता और भव्या मिश्रा का मेडिकल कॉलेज में दाखिला फर्जी के कारण रद्द कर दिया गया है. नीट परीक्षा पास करने के बाद इन छात्राओं ने आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग कोटे के तहत प्रवेश के लिए प्रमाणपत्र प्रस्तुत किए थे, लेकिन तहसील कार्यालय की जांच में ये दस्तावेज फर्जी पाए गए. इस कारण डायरेक्शन ऑफ मेडिकल एजुकेशन (डीएमई) ने उनका दाखिला निरस्त कर दिया। तहसीलदार गरिमा ठाकुर के मुताबिक तीनों छात्राओं के ईडब्ल्यूएस प्रमाणपत्रों में हस्ताक्षर और सील फर्जी थे, और ये नियमानुसार जारी नहीं किए गए थे. जांच रिपोर्ट कलेक्टर संजय अग्रवाल को सौंपी गई. डीएमई ने छात्राओं को 8 सितंबर तक वैध प्रमाणपत्र और लिखित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का अंतिम मौका दिया था, लेकिन वे ऐसा नहीं कर सकीं. नतीजतन, उनका मेडिकल कॉलेज एडमिशन रद्द कर दिया गया, और अब वे इस साल किसी भी मेडिकल कॉलेज में दाखिला नहीं ले सकेंगी। डीएमई ने स्पष्ट किया कि ट्रांसपरेंट एडमिशन प्रोसेस के तहत सभी दस्तावेजों का सत्यापन अनिवार्य है. यदि कोई प्रमाणपत्र अधूरा, विवादित या समय पर प्रस्तुत नहीं होता, तो नियमों के अनुसार प्रवेश रद्द किया जाता है।

# नेपाल में प्रदर्शनकारियों की हुई जीत, प्रधानमंत्री ओली ने दिया इस्तीफा, दुबई जाने की तैयारी में



## पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में 4 घायल

**नई दिल्ली,** 9 सितम्बर (न्यूज चैनल)। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली ने जेन जेड के विरोध प्रदर्शन बढ़ने के बाद इस्तीफा दिया है। उनके देश छोड़ने की संभावना है। नेपाल के प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली दुबई के लिए रवाना हो सकते हैं क्योंकि उनके लिए एक निजी जेट तैयार रखा गया है। प्रधानमंत्री ओली ने नियोजित प्रस्थान से पहले उप-प्रधानमंत्री को कार्यकारी ज़िम्मेदारियाँ सौंपी हैं। नेपाल के आर्मी चीफ ने पीएम केपी ओली से कहा है कि वे इस्?तीफा दे दें। आर्मी चीफ ने कहा कि नेपाल में अब हालात को संभालना उनके लिए मुश्किल हो रहो है। सूत्रों ने इसका दावा किया है। इस बीच नेपाल में काठमांडू एयरपोर्ट से सभी उड़ानों को सुरक्षा कारणों से रोक दिया गया है।

मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, पुलिस द्वारा प्रदर्शनकारियों पर की गई गोलीबारी में चार लोग घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आंदोलनकारी युवाओं ने ललितपुर जिले के सुनाकोठी स्थित संचार मंत्री पृथ्वी सुब्बा गुरुंग के आवास पर भी पथराव किया। गुरुंग ने सोशल मीडिया साइटों पर प्रतिबंध लगाने का आदेश दिया था। प्रदर्शनकारियों ने ललितपुर के खुमालतार स्थित पूर्व प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल (प्रचंड) के आवास में भी तोड़फोड़ की। उन्होंने काठमांडू के बुधनीलकांठा स्थित पूर्व प्रधानमंत्री शेर बहादुर देउबा के घर में भी तोड़फोड़ की।





**चूहा-** सुनती हो, इंडिया गठबंधन कह रहा है उपराष्ट्रपति चुनाव में सांसद अंतरआत्मा की आवाज से सुदर्शन रेड्डी को वोट डालेंगे। और इंडिया गठबंधन को विजय दिलाएंगे।

**चुहिया-** हां जी, लेकिन अंतरआत्मा की आवाज में आत्मा का ही तो अंतर रहता है...!

# शराब दुकान हटाने की मांग : अनिश्चितकालीन धरने पर बैठे वार्डवासी, शराब लेने पहुंचे ग्राहकों को पिलाई शरबत



**गरियाबंद,** 9 सितम्बर (हाईवे चैनल)। देवभोग के सोनामुंदी स्थित देशी-विदेशी शराब दुकान को हटाने की मांग को लेकर आज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा. वार्ड पार्षद विनोद पांडे और पटेल भंवर सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में महिलाएं और पुरुष दुकान के सामने अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गए. इस दौरान लोगों ने प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की. वहीं गायत्री परिवार ने भी धरना स्थल पहुंचकर प्रशासन को जगाने सद्बुद्धि यज्ञ किया. आबकारी विभाग के खिलाफ महिलाओं का भी भारी आक्रोश देखा जा रहा है. सुबह से ही देवभोग पुलिस धरना स्थल पर मौजूद है. आबकारी विभाग के कर्मी अफसर भी पहुंचे हैं और प्रदर्शन कर रहे लोगों को समझाइश में लगी है. हालांकि वार्डवासी दुकान हटाने के लिखित आदेश मिलने पर ही प्रदर्शन खत्म करने पर अड़े हुए हैं. धरने में शिशु मंदिर के संचालक, पदाधिकारी, पालक और गायत्री परिवार के सदस्य भी शामिल हुए. महिलाओं ने चूल्हा-चौका लेकर धरना स्थल पर बैठ गई है. इस दौरान शराब खरीदने आए ग्राहकों को शरबत पिलाकर वापस भेज दिया.






# रायपुर में धूमधाम से निकली गणेश विसर्जन झांकी





## मुख्यमंत्री ने झांकियों का किया दर्शन

### कहा- यह बहुत ही गौरव का क्षण, यहां आना मेरा सौभाग्य

**रायपुर,** 9 सितंबर (हाईवे चैनल)। राजधानी रायपुर में सोमवार को बड़े धूमधाम के साथ गणेश विसर्जन झांकी निकाली गई। हर साल की तरह इस बार भी कई आकर्षक झांकियों को सजाया गया। इनमें ऑपरेशन सिंदुर, कृष्ण लीला और हनुमान-रावण युद्ध पर आधारित झांकियां विशेष रूप से आकर्षण का केंद्र रही। झांकी का स्वागत करने के लिए जय स्तंभ चौक निगम के स्वागत स्टेज पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय भी पहुंचे। इस दौरान उनके साथ मंत्री खुशवंत साहेब और विधायक पुरंदर मिश्रा, महापौर मीनल चौबे समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

इस दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने झांकी का अवलोकन किया। वहीं मंच से जयकार लगाते हुए संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि यह बहुत ही गौरव का क्षण है। दस दिन पूजा-पाठ करने के बाद आज विसर्जन का बेला आया है। मेरा सौभाग्य है कि मैं यहां आया हूं और दर्शन कर रहा हूं। भव्य झांकियां निकाली गई है। प्रथम पूज्य विघ्नहर्ता से प्रार्थना है कि सभी सुखी रहें, दुखों से दूर रहें और छत्तीसगढ़ खुशहाल हो। उन्होंने अंत में कहा कि रायपुर की झांकियां ऐतिहासिक होती है। झांकी के दौरान लोगों की सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं। शहर को 6 सुरक्षा सेक्टरों में बांटा गया है और हर सेक्टर की ज़िम्मेदारी छस्क्क स्तर के अधिकारियों को सौंपी गई है। सुरक्षा व्यवस्था को मज़बूत बनाने के लिए यातायात पुलिस समेत 1500 पुलिस अधिकारी और जवानों की तैनाती की गई है। शहर पुलिस की छावनी में तब्दील हो गई है। झांकियां रामसागर पारा, राठौर चौक, गुरूनानक चौक, जयस्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार, पुरानी बस्ती और रायपुरा होते हुए महादेव घाट तक जाएंगी।

CMYK